# भगवती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय

**गंगापुर सिटी , जिला –सवाई माधोपुर , राजस्थान**

आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ

Internal Quality Assurance Cell, IQAC

**सत्र 2023–24**

आज दिनांक 08.07.2023 को आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की बैठक IQAC कक्ष में प्रातः 10 बजे आयोजित हुई।

बैठक मे निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहे –

**नाम** **हस्ताक्षर**

1. डॉ. कृष्ण कान्त शर्मा
2. डॉ. अनुज कुमार शर्मा
3. श्री केशव लाल गुप्ता
4. श्री विजय राज त्रिवेदी
5. श्रीमति मनीषा श्रीवास्तव
6. सुश्री मोना मथुरिया
7. डॉ. अनिल कुमार शर्मा
8. श्री दिनेश कुमार सिंघल
9. डॉ. स्मिता भटनागर
10. श्री राकेश व्यास
11. श्रीमती पूजा शर्मा

बैठक में सर्व सम्मति से निम्न कार्यो से सम्बन्धित निर्णय लिए गए –

1. एम.एड., बी.एड., बी.ए.बी.एड., बी.एससी.बी.एड. तथा डी.एल.एड. कोर्स में प्रवेश लेने वाले नये छात्र–छात्राओं के लिए ओरियन्टेशन कार्यक्रम आयोजित किया जावें।
2. सभी छात्र छात्राओं के लिए ICT की कार्यशाला का आयोजन किया जावें।
3. महाविद्यालय में विद्यार्थियों की बेहतर सहायता के लिए मेन्टरिंग व्यवस्था की जावें।
4. विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित हो तथा विद्यार्थियों की रूचि व विभिन्न क्षमताओं के विकास के लिए महाविद्यालय में सदन व्यवस्था को बरकरार रखा जाये।

5. शिक्षकों की व्यवसायिक अभिक्षमता में अभिवृद्धि हेतु कार्यशालाओं का आयोजन किया जाये।
6. महाविद्यालय में राष्ट्रीय संगोष्ठी, वेबीनार, अतिथि व्याख्यान एवं कार्यशालाओं का आयोजन किया जावें।
7. Redressal -Grievance Cell द्वारा 7 कार्य दिवसों के अन्दर शिकायत–निवारण की व्यवस्था की जावें।
8. महाविद्यालय में ऑपन एयर सेशन, हाउस टूर्नामेन्ट तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जावें।
9. प्रशिक्षणार्थियों में चारित्रिक एवं मानवीय गुणों के विकास हेतु महापुरूषों की जयन्तियां मनायी जाये।
10. विद्यार्थियों को हमारी भारतीय संस्कृति से परिचित कराने एवं विभिन्न महान व्यक्तियों की उपलब्धियों का ज्ञान कराने के लिए महाविद्यालय में उत्सव एवं दिवस मनाये जावे।
11. सामाजिक कार्यक्रम यथा वृक्षारोपण, सड़क सुरक्षा जागरूकता, मतदाता जागरूकता, स्वच्छ भारत, पर्यावरण उन्नयन, साक्षरता से सम्बन्धित रैली, कैम्प तथा नुक्कड नाटक का आयोजन किया जावें।
12. छात्र–छात्राओं के व्यक्तित्व विकास हेतु महाविद्यालय में सम्प्रेषण कौशल, नेतृत्व क्षमता, मंच संचालन की योग्यता (एन्करिंग) विकसित करने के अवसर प्रशिक्षणार्थियो को उपलब्ध कराये जावे।
13. मेडिटेशन, उपभोक्ता जागरूकता, मानवाधिकारों की रक्षा की भावना, स्वास्थ्य जागरूकता, नशा मुक्ति जैसे सामाजिक व नागरिक कार्यक्रम आयोजित किये जावें।
14. पूर्व वर्ष की भांति महाविद्यालय के प्रवक्ताओं के द्वारा चिन्हित स्लो लर्नर के लिए उपचारात्मक कक्षाओं का आयोजन किया जावें।
15. राज्य सरकार के द्वारा आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए महाविद्यालय में प्रतियोगी कक्षाओं का आयोजन सुनिश्चित किया जाये जिससे छात्र–छात्राएं अधिकाधिक लाभान्वित हो जावें।
16. महाविद्यालय में कार्यरत विभिन्न समितियां पूर्ण परिदर्शिता से अपने कार्य सुनिश्चित करे ताकि महाविद्यालय में शिक्षण–अधिगम का वातावरण प्रभावी बन सके।
17. बैठक में श्रीमती मनीषा श्रीवास्तव ने प्रस्ताव रखा कि महाविद्यालय भवन बहुमंजिला बन गया है इसलिए महाविद्यालय में लिफ्ट सिस्टम लगाया जाये इसी प्रकार प्रवक्ता श्री विजय राज त्रिवेदी ने महाविद्यालय परिसर के फर्श को पक्का करने का प्रस्ताव रखा। दोनो प्रस्तावों पर समिति के सभी सदस्यों ने सहमति जतायी एवं निर्णय लिया गया कि महाविद्यालय परिसर में लिफ्ट सिस्टम स्थापित किया जाये तथा फर्श को पक्का किया जाये। इस हेतु परिसर विकास समिति को आगामी कार्य योजना बनाकर कियान्वित करने के लिए कहा गया।

बैठक का समापन समन्वयक द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ ।

# भगवती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय

## गंगापुर सिटी, जिला –सवाई माधोपुर, राजस्थान

## आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ

## Internal Quality Assurance Cell, IQAC

## सत्र 2023–24

दिनांक 24.04.2024 को आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की बैठक IQAC कक्ष में प्रातः 11 बजे आयोजित हुई।

बैठक मे निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहे–

| नाम | हस्ताक्षर |
|---|---|
| 1. डॉ. कृष्ण कान्त शर्मा | |
| 2. डॉ. अनुज कुमार शर्मा | |
| 3. श्री केशव लाल गुप्ता | |
| 4. श्री विजय राज त्रिवेदी | |
| 5. श्रीमति मनीषा श्रीवास्तव | |
| 6. सुश्री मोना मथुरिया | |
| 7. डॉ. अनिल कुमार शर्मा | |
| 8. श्री दिनेश कुमार सिंघल | |
| 9. डॉ. स्मिता भटनागर | |
| 10. श्री राकेश व्यास | |
| 11. श्रीमती पूजा शर्मा | |

बैठक में सत्र 2023–24 में महाविद्यालय में किये गये कार्यो का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया तथा उनकी समीक्षा की गई। समन्वयक श्री केशव लाल गुप्ता ने बताया कि नवीन शैक्षणिक सत्र 2023–24 का प्रारम्भ 21.08.2023 से हुआ तथा विभिन्न समितियों द्वारा शैक्षणिक तथा सहशैक्षणिक गतिविधियां प्रारम्भ की गई। दिनांक 15.08.2023 को महाविद्यालय के कर्मचारियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। दिनांक 16.08.2023 को अशैक्षणिक कर्मचारियों की व्यवसायिक अभिवृद्वि हेतु कार्यशाला का आयोजन हुआ जिसका विषय ''प्रवेश प्रक्रिया में अशैक्षणिक कर्मचारियों का भूमिका'' था। सत्र के प्रारम्भ में पाठयक्रम विकास समिति का गठन किया गया तथा जिसके कार्य एवं जिम्मेदारिया निर्धारित की गयीं।

दिनांक 21.08.2023 से 23.08.2023 तक नवीन प्रवेशार्थियों का ओरियन्टेशन कार्यक्रम कराया गया जिसमें सम्पूर्ण सत्र में होने वाली गतिविधियों की जानकारी, महाविद्यालय के अनुशासन सम्बंधी नियम, एन्टी रेगिंग, शिकायत–निवारण व्यवस्था आदि की जानकारी प्रशिक्षणार्थियों को दी गयी तथा इसी कार्यक्रम में

नवीन प्रवेशार्थियों के अन्दर छुपी हुई प्रतिभा एवं रूचियों को अभिव्यक्त करने के अवसर दिये गये। ताकि उन्हे और ज्यादा निखारा जा सके। दिनांक 02.10.2023 को गांधी जयन्ति के अवसर पर ''जनसेवक आपके द्वार'' स्वच्छ भारत जागरूकता अभियान शहर में चलाया गया जिसमें महाविद्यालय के 123 शिक्षक–छात्रों ने भाग लिया। महाविद्यालय में डायलॉग मैथड द्वारा सूक्ष्म शिक्षण पर कार्यशाला का आयोजन हुआ तथा सूक्ष्म शिक्षण दिनांक 16.10.2023 से 08.11.2023 तक हुआ जिसमें विभिन्न शिक्षण कौशलों का विकास किया गया तथा प्रशिक्षणार्थियों द्वारा पीयर फीडबैक दिया गया एवं पर्यवेक्षकों द्वारा ट्यूटोरियल अधिगम कराया गया। डायलॉग मैथड में स्वयं छात्रों द्वारा कम्पोनेन्टस विकसित करने के प्रयास किये गये।

दिनांक 16.10.2023 को महाविद्यालय में 8 सदनों का निर्माण किया गया तथा अध्ययनरत छात्र–छात्राओं द्वारा सदन प्रभारी, सहप्रभारी एवं शिक्षक प्रभारी का चयन सर्वसम्मिति से किया गया ताकि सभी सह–शैक्षणिक गतिविधियां सदनानुसार सम्पन्न करायी जा सके। दिनांक 21.10.2023 शैक्षणिक कर्मचारियों के व्यवसायिक अभिवृद्वि हेतु ICT कार्यशाला का आयोजन हुआ जिसका विषय '' पावर पॉइट का प्रिपेरेशन करना'' था। दिनांक 01.11.2023 मतदाता जागरूता रैली शहर में निकाली गयी जिसमें महाविद्यालय के सभी कर्मचारी एवं प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। दिनांक 17.11.203 से 23.11.2023 तक प्रशिक्षणार्थियों का ''अनुकरणीय शिक्षण'' हुआ जिसमें छात्राध्यापकों में क्लास टीचिंग करना सिखाया गया तथा क्लास कन्ट्रोल करना व शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को सरल बोधगम्य बनाने की क्षमता विकसित की गयी।

महाविद्यालय में एल्युमिनी समिति बनी हुई है जिसकी सत्र 2023–24 में दिनांक 08.11.2023 को एल्युमिनी बैठक हुई जिसमें कुल रजिस्टर्ड पूर्व छात्रों में से 44 पूर्वछात्र सम्मिलित हुए और इनमें से कुछ पूर्व छात्रो ने अपने अनुभव अध्ययनरत छात्रों के साथ साझा किये तथा महाविद्यालय के विकास हेतु सुझाव दिये। दिनांक 14.12.2023 से 16.12.2023 में खुला वायु सत्र महाविद्यालय में आयोजित हुआ जिसमें प्रशिक्षणार्थियों द्वारा समाजोपयोगी साम्रगी का निर्माण कर अपनी रचनात्मकता को अभिव्यक्त किया। दिनांक 01.01.2024 से 16.01.2024 तक कैरियर काउन्सिलिंग एवं प्लेसमेंन्ट सेल में परामर्श कैम्प लगाया गया जिसमें व्यक्तिगत एवं लघु समूह के रूप में 136 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लेकर लाभ उठाया। महाविद्यालय की काउन्सिलिंग सेल में चिन्हित छात्र–छात्राओं की पर्सनल काउन्सिलिंग भी की जाती है। दिनांक 14.12.2023 को सडक सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सभी शिक्षक–छात्रों ने भाग लिया। दिनांक 19.01.2024 को स्वच्छ भारत अभियान के तहत महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं द्वारा नगर परिषद गंगापुर सिटी के सहयोग से सफाई अभियान शहर में चलाया गया। 06 एवं 07 फरवरी 2024 को महाविद्यालय में सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित हुई जिसमें विभिन्न एकल एवं सामूहिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। महाविद्यालय में दिनांक 08.02. 2024 से 19.02.2024 तक स्लो लर्नर के लिए रेमेडियल क्लासेज रखी गयी जिसमें विषय अध्यापको द्वारा उपचारात्मक शिक्षण करवाकर 74 स्लो लर्नर्स को सामान्य छात्रों के समकक्ष लाया गया। नवीन प्रवेशार्थियों के लिए दिनांक 13.02.2024 को महाविद्यालय की पाठ्यक्रम विकास समिति के सौजन्य से कार्यशाला का आयोजन हुआ जिसका विषय ''सेमेस्टर प्रणाली में मूल्यांकन प्रक्रिया'' था। अन्तरसदनीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 20.02.2024 से 22.02.2024 में हुआ जिसमें विभिन्न

(2)

खेलकूद प्रतियोगिताऐं सदनानुसार सम्पन्न हुयी। महाविद्यालय द्वारा एडोप्टेड गांव हिगोंटिया में दिनांक 24.02.2024 को साक्षरता शिविर लगाया गया एवं गांव में साक्षरता जागरूकता रैली निकाली गयी।

दिनांक 20.03.2024 को प्री–इन्टर्नशिप कार्यशाला शिक्षण अभ्यास समिति द्वारा आयोजित की गयी जिसमें इन्टर्नशिप की गतिविधियों एवं डायरियों पर कार्य किया गया। महाविद्यालय में स्कूल इन्टर्नशिप में जाने से पहले प्रशिक्षणार्थियों को प्रक्टिस टीचिंग का अभ्यास करने का अवसर प्रदान किया गया जिसमें स्मार्ट क्लास का उपयोग शिक्षण कौशलो के विकास हेतु किया गया। दिनांक 16.04.2024 को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर मतदाता जागरूकता थीम पर रंगोली एवं मानव श्रृंखला बनायी।

संस्था में कार्यरत प्लेसमेंन्ट सेल छात्र–छात्राओं को व्यवसायिक निर्देशन प्रदान करती है जिससे प्रशिक्षणार्थी हायर एज्यूकेशन एवं जॉब के प्रति लाभान्वित होते है तथा NET ,CTET, REET, जैसे राष्ट्रीय एवं राज्यस्तरीय शिक्षक–योग्यता प्रमाण पत्र प्राप्त करते है। महाविद्यालय में विद्यार्थियों की बेहतर सहायता के लिए मेन्टरिंग व्यवस्था में मेंन्टर्स नियुक्त किये जाते हैं तथा उनके कार्य एवं जिम्मेदारियां निर्देशित की जाती है। महाविद्यालय की शिकायत निवारण प्रकोष्ठ द्वारा अपने कार्य एवं उद्देश्यों की सम्पूर्ण जानकारी सत्र के प्रारम्भ में ओरिएन्टेशन कार्यक्रम में दे दी जाती है। शिकायत निवारण प्रकोष्ठ शिकायतों का निवारण 7 कार्य दिवस के अन्दर कर देती है।

महाविद्यालय में छात्र–छात्राओं को पाठ्यक्रम के अतिरिक्त ऑफलाइन/ऑनलाइन सेल्फ स्टडी कोर्स लिए प्रेरित किया जाता है जिसके परिणाम स्वरूप सत्र 2023–24 में महाविद्यालय के 54 प्रशिक्षणार्थियों ने RS_CIT कोर्स पूरा करके प्रमाण पत्र प्राप्त किये। महाविद्यालय द्वारा महाविद्यालय की सहायक आचार्य श्रीमती भावना खण्डेलवाल को अनुसंधान कार्य के लिए अकादमिक अवकाश दे कर सपोर्ट किया गया।

महाविद्यालय में आंतरिक मूल्यांकन के अंक कम्प्यूटर में संधारित किये गये है तथा विश्वविद्यालयी परीक्षा परिणाम महाविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित किये गये है। महाविद्यालय ICT स्किल डवलपमेंट के लिए प्रयासरत है जिसमें सम्पूर्ण एकादमिक सत्र में ICT स्किल डवलपमेंट के प्रयास किये गये। इसके लिए कम्प्यूटर लैब, भाषा प्रयोगशाला, स्मार्ट क्लास का उपयोग सम्पूर्ण सत्र करवाया गया। महाविद्यालय ग्रीन इनीशिएटिव में वृक्षारोपण, वाटर हार्वेस्टिग, व्यर्थ पानी का सद्उपयोग, प्लास्टिक मुक्त कैम्पस से सम्बन्धित कार्यक्रमों का आयोजन हुआ।

आईक्यूएसी ने सत्र 2022–23 में हुए परिसर विकास कार्यो की समीक्षा की जिसमें पाया गया कि पुस्तकालय, वाचनालय एवं प्रार्थना सभा स्थल के अधूरे कार्यो को पूरा करने के जो निर्देश परिसर विकास समिति को दिये वे अधूरे कार्य पूर्ण हो गये तथा नवीन पुस्तकालय, वाचनालय एवं प्रार्थना भवन प्रशिक्षणार्थियों के उपयोगार्थ सुपुर्द किये गये। महाविद्यालय परिसर में लिफ्ट सिस्टम लगाया गया एवं फर्श पक्का करने का कार्य परिसर विकास समिति द्वारा पूरा करा लिया गया।

IQAC समिति के द्वारा समस्त समितियों से उनके कार्य की रिपोर्ट प्राप्त करके महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन तैयार कर लिया है, जो अवलोकन के लिए उपलब्ध है। बैठक का समापन समन्वयक द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।